# भिंड नपा में 3 .4 करोड़ के घोटाले में 50 बैंक खातों के पते-नंबर ही फर्जी

## पुलिस बैंक मैनेजर से करेंगी पूछताछ

**विश्वनाथ श्रीवास**

**भिण्ड, 23 दिसम्बर।** भिंड नगर पालिका में सामने आए 3 करोड़ 4 लाख रुपए के बड़े घोटाले ने जिले में हड़कंप मचा दिया है। इस बहुचर्चित मामले में पुलिस ने एक आरोपी राजेंद्र सिंह चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जांच में सामने आया है कि नगर पालिका की विभिन्न योजनाओं की राशि कूट रचित बैंक खातों के माध्यम से निकाली गई और वास्तविक हितग्राहियों को भुगतान नहीं किया गया।

सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत ने बताया कि नगर पालिका के इस घोटाले में जिन खातों में फर्जी तरीके से राशि डाली गई, उनमें से एसबीआई बैंक के करीब 50 खाते




ऐसे हैं, जिनमें दर्ज मोबाइल नंबर और पते पूरी तरह गलत पाए गए हैं। कई खाताधारक बताए गए पते पर कभी रहे ही नहीं।

**ऐसे हुआ गबन:**

जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों के नाम पर फर्जी बैंक खाते खुलवाए, जिनमें सरकारी राशि ट्रांसफर की गई। वास्तविक हितग्राहियों को भुगतान न करते हुए, अन्य व्यक्तियों के खातों में रकम पहुंचाई गई और सरकारी धन का गबन किया गया।

**जांच के दायरे में बैंकिंग प्रक्रिया:** पुलिस का कहना है कि अब पूरे मामले में बैंकिंग प्रक्रिया की भी गहन जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि बिना सही पते और दस्तावेजों के खाते कैसे खुले और राशि कैसे ट्रांसफर हुई। नगर पालिका का यह घोटाला सामने आने के बाद प्रशासनिक हलकों में भी हलचल तेज हो गई है। पुलिस का दावा है कि आने वाले दिनों में पूछताछ के बाद और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

### पूर्व अधिकारियों से होगी कड़ी पूछताछ

सीएसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन सीएमओ वीरेंद्र तिवारी, सुरेंद्र शर्मा और सेवानिवृत्त अकाउंटेंट आनंदपाल सिंह चौहान को नोटिस जारी कर पूछताछ की जाएगी। इसके साथ ही एसबीआई बैंक के ब्रांच मैनेजर से भी पूरे प्रकरण को लेकर चर्चा की जाएगी, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इतने बड़े पैमाने पर फर्जी खाते कैसे संचालित हुए।

### इन धाराओं में दर्ज हुआ था मामला

पुलिस के अनुसार, वर्तमान सीएमओ यशवंत वर्मा की शिकायत पर राजेंद्र सिंह चौहान (सहायक ग्रेड-3), राधेश्याम राजौरिया (एआरआई), शिवनाथ सिंह सेगर (सेवानिवृत्त एआरआई), अशोक जाटव (सेवानिवृत्त एआरआई), तत्कालीन सीएमओ सुरेंद्र शर्मा और तत्कालीन सीएमओ वीरेंद्र तिवारी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 409, 420, 467, 468 एवं 120-बी के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# खाद्य सुरक्षा उड़नदस्ता की सघन कार्रवाई

## पनीर, घी, पेड़ा व मिठाइयों के लिए गए सैंपल, 7 दिन चलेगा विशेष अभियान

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 23 दिसम्बर।** खाद्य पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण एवं आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को सहभागिता उड़नदस्ता दल द्वारा शहर के पुस्तक बाजार क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया। शाम करीब 5 बजे शुरू हुई इस कार्रवाई के दौरान मिठाई, डेयरी एवं खाद्य पदार्थों की दुकानों से विभिन्न उत्पादों के नमूने (सैंपल) लिए गए।

उड़नदस्ता दल ने कार्रवाई के दौरान पंडित रामबाबू से पनीर, न्यूर पंडित रामबाबू से घी एवं पनीर तथा पंडित रामबाबू कमल कुमार से घी का सैंपल लिया। इसके पश्चात द्वारिका पेड़ा हाउस से पेड़ा एवं नमकीन, सागर पेड़ा हाउस से काली बर्फी तथा जयकुमार पेड़ा हाउस से पनीर एवं चॉकलेटी बर्फी के सैंपल संग्रहित किए गए। कार्रवाई के दौरान अवनीश गुप्ता (मुरैना), गिरीश राजोरिया (मुरैना)



एवं सतीश शर्मा (ग्वालियर) खाद्य सुरक्षा अधिकारी के रूप में मौजूद रहे। टीम द्वारा लिए गए सभी सैंपल जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी सैंपल में मिलावट या मानक से कम गुणवत्ता पाई जाती है, तो संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि यह विशेष जांच अभियान लगातार 7 दिनों तक चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत शहर के विभिन्न बाजारों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों में अचानक निरीक्षण कर सैंपल लिए जाएंगे। अधिकारियों ने दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे स्वच्छता बनाए रखें, मानक अनुरूप खाद्य सामग्री ही विक्रय करें और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का समझौता न करें। खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बनी रही। वहीं, आम नागरिकों ने विभाग की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार की नियमित कार्रवाई से मिलावटखोरी पर रोक लगेगी और उपभोक्ताओं को सुरक्षित व शुद्ध खाद्य सामग्री मिलेगी।

### ग्वालियर-भिंड रेलखंड पर सघन टिकट चेकिंग अभियान

**भिंड।** मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में झांसी मंडल के ग्वालियर-भिंड रेल खंड पर सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना टिकट अथवा अनियमित रूप से यात्रा कर रहे कुल 27 यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे रेलवे नियमों के तहत 7,770 रुपए का जुर्माना वसूल कर राजस्व अर्जित किया गया। कार्रवाई से रेलखंड पर अनुशासन और नियमों के पालन को लेकर यात्रियों में जागरूकता बढ़ी है। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के सफल संचालन में मुख्य वाणिज्य निरीक्षक रूप सिंह मीणा, धर्मराज मीणा एवं दौलत राम मीणा का सराहनीय सहयोग रहा। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे हमेशा वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें, रेलवे नियमों का पालन करें और सुरक्षित एवं सुगम रेल यात्रा के लिए प्रशासन का सहयोग करें। रेल प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे।

# शिवाजी पब्लिक स्कूल में एडवेंचर कैंप एवं फन फेयर 2025

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 23 दिसम्बर।** मंगलवार का दिन शिवाजी पब्लिक स्कूल के छात्रों के लिए फन और मस्ती भरा रहाद्य स्कूल में एडवेंचर कैम्प एवं फन फेयर 2025, 26 व बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित कर की गईद्यइस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अचानक आई विपत्ति का सामना किस प्रकार किया जाए और अपने आप को सुरक्षित कैसे रखा जाए आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर छात्रों को जागरूक किया गया। विद्यालय परिसर में सर्वांगीण विकास हेतु अनेकानेक गतिविधियां कराई गईं। बच्चों को रेपलिंग , रस्सी के द्वारा ऊपर चढ़ना , झूला, सरकपट्टी ,जॉब बॉल, टर्निंग स्विंग, मैजिक शो, कमांडो नेट एवं डबल रोप, इत्यादि मनोरंजक और साहसिक खेल कराए गए। छात्रों ने बाल मेले में बहुत ही सुंदर प्रदर्शनी लगाकर दुकानें लगाई,नन्हे मुन्ने छात्रों ने खरीदारी भी की, विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए फूड स्टॉल, खेल स्टॉल, पेंटिंग-ड्राइंग प्रदर्शनी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लियाद्यछात्रों ने कई कलाकृतियां व मन मोहन पेंटिंग बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया, बच्चों की रचनात्मकता और



उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरे दिन विद्यालय हंसी-खुशी, रंग-बिरंगी गतिविधियों और बच्चों की ऊर्जा से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने छात्रों ने बाल पुलिस बनकर कानून, अनुशासन और पुलिसिंग की बुनियादी समझ, समाज में सकारात्मक भूमिका और समाज के प्रति समर्पण की प्रेरणा ली, तो वही छात्रों ने चिकित्सकों की भूमिका निभाकर भविष्य में आगे चलकर डॉक्टर बनकर समाज सेवा करने का संकल्प लियाद्य इस कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया ,छात्रों का यह जीवंत मंचन देखकर सभी लोग आश्चर्य चकित रह गएद्य छात्रों ने एडवेंचर कैम्प का बहुत आनंद उठाया और जमकर मस्ती की।

**नन्हे छात्रों द्वारा तैयार किए गए भूत बंगले को देखकर सभी लोग अचम्मित रह गए:** नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा कार्यक्रम में भूत बंगला तैयार किया गया जिसमें छात्र द्वारा काले कपड़े पहनकर और दांतों वाले मुखौटा लगाकर डरावना चेहरा बनाया जिसको देखकर सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए और बच्चों की प्रतिभा देखकर जमकर तारीफ की और बहुत ही खुश हुए एवं विद्यालय संचालक और स्टाफ की सराहना की।

शिवाजी पब्लिक स्कूल परिसर में एडवेंचर कैंप एवं फन फेयर कार्यक्रम में बचपन इंटरनेशनल स्कूल के करीब 150 बच्चे भी सम्मिलित रहे जिन्होंने कार्यक्रम में शिवाजी पब्लिक स्कूल के छात्रों के साथ मिलकर कई विभिन्न मजेदार गतिविधियाँ और मनोरंजक कार्यक्रमों में भाग लेकर भरपूर आनंद लिया।

इस भव्य कार्यक्रम में दोनों ही विद्यालयों के संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू के अनुसार कैम्प में लगभग 850 विद्यार्थियों ने कैम्प का लुफ्त उठाया। उन्होंने बताया कि बच्चों में तमाम प्रतिभाएं छिपी होती हैं। मगर सही परख और मौका न मिलने से प्रतिभा सामने नहीं आ पाती। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में नया उत्साह आता है। बच्चों को नई-नई चीजों की जानने की उत्सुकता होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक उत्कृष्ट गतिविधि है, जिसमें वे खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अपनी चीज़ें बेचकर मनोरंजन के साथ-साथ नेतृत्व, टीम वर्क और आर्थिक समझ जैसे महत्वपूर्ण कौशल सीखते हैं, जिससे उनका उत्साह और रचनात्मकता बढ़ती है। यह मेला पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय संचालक के अलावा शिवाजी पब्लिक एवं बचपन इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक व क्षेत्र के पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

### महासचिव चौधरी एवं राष्ट्रीय सचिव जाटव का 29को भिण्ड में दौरा

भिण्ड । जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 29 दिसंबर 2025 को जिला कांग्रेस कमेटी शहर व ग्रामीण की संयुक्त जिला समन्वय समिति एवं मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य (स्ढ्क्र) की समीक्षात्मक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय के बगल से संस्कृति मैरिज गार्डन में आयोजित की जाएगी । उक्त बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय महासचिव व मप्र प्रभारी हरीश चौधरी एवं राष्ट्रीय सचिव व मप्र सहप्रभारी सांसद संजना जाटव मुख्य अतिथि रहेंगे।

# सीएम के दौरे को लेकर कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

## रावतपुरा धाम पहुंचे कलेक्टर, की व्यवस्थाओं की समीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 23 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बुधवार को रावतपुरा धाम, विकासखंड लहार, जिला भिंड में प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत कलेक्टर भिंड द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया गया। कलेक्टर ने रावतपुरा धाम पहुंचकर कार्यक्रम स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं, आवागमन व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, पार्किंग, भीड़ नियंत्रण एवं आवश्यक सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियां समय-सीमा के भीतर एवं समन्वय के साथ पूर्ण की जाएं, ताकि कार्यक्रम का आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

**सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं पर विशेष जोर:** कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। आवागमन मार्गों को सुव्यवस्थित रखने, श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर भिंड, एसडीएम गोहद, एसडीएम लहार सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए तैयारियां शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# एक माह बाद भी हत्या का खुलासा नहीं, दबोह में किसानों का शक्ति प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**दबोह, 23 दिसम्बर।** ग्राम गांगेपुरा में किसान शिवनारायण काकाजू की निर्मम हत्या के विरोध में तथा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंगलवार को दबोह नगर में किसानों ने विशाल ट्रैक्टर रैली निकालकर जंगी प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के तहत आयोजित किया गया। किसान नेता चौधरी रमाशंकर सिंह 'रमा' कौरव के नेतृत्व में निकली ट्रैक्टर रैली दुग्ध डेयरी से प्रारंभ होकर समथर तिराहा, भिंड-भांडेर रोड होते हुए झंडा चौक पहुंची, जहां यह रैली आमसभा में परिवर्तित हो गई। ट्रैक्टरों की लंबी कतार के चलते मुख्य बाजार में घंटों यातायात बाधित रहा।




कार्यक्रम की शुरुआत स्व. चौधरी चरण सिंह के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ की गई। आमसभा को एक दर्जन से अधिक किसान नेताओं ने संबोधित किया। किसान नेता रामेश्वर दयाल सिंह कौरव ने कहा कि गांगेपुरा में हुई किसान की हत्या को एक माह बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक हत्यारों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। उन्होंने कहा कि किसानों की लड़ाई वे हर हाल में लड़ते रहेंगे। वहीं रामेश्वर दयाल पटेल ने कहा कि चौधरी चरण सिंह देश के पांचवें प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने किसानों के हित में सैकड़ों योजनाएं लागू कीं और किसान आंदोलन को दिशा दी। कार्यक्रम संयोजक चौधरी रमाशंकर सिंह 'रमा' कौरव ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल किसान दिवस की शुभकामनाएं देने के लिए नहीं, बल्कि किसानों की पीड़ा और उनके सवालों को सरकार तक पहुंचाने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसान शिवनारायण काकाजू की हत्या का जल्द खुलासा नहीं हुआ, तो 29 दिसंबर को मुख्यमंत्री के रावतपुरा सरकार दौरे के दौरान सैकड़ों किसान सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन करेंगे, साथ ही आलमपुर थाना का घेराव किया जाएगा।

**ज्ञापन की प्रमुख मांगें...**

रबी फसल को देखते हुए किसानों को समय पर खाद और बिजली की समुचित व्यवस्था की जाए। अतिवृष्टि से हुई फसल क्षति का शीघ्र मुआवजा दिया जाए। कृषि उपज मंडियों में मनमाने भाव पर खरीद और कटौती के नाम पर हो रही लूट बंद की जाए। किसानों को अनाज का भुगतान नगद एवं समय पर कराया जाए। आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।



# विधायक केशव देसाई ने सीसी रोड का किया लोकार्पण

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 23 दिसम्बर।** गोहद विधायक केशव देसाई ने ग्राम भगवासा में सीसी रोड का लोकार्पण किया । ग्रामीणों ने विधायक देसाई से सीसी रोड की मांग की थी, ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने विधायक निधि से सात लाख रुपए स्वीकृत किए । सोमवार को विधायक देसाई ने सीसी रोड का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक देसाई का आभार व्यक्त किया और मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

# लहार ब्लॉक में चला विशेष सदस्यता अभियान, बड़ी संख्या में पत्रकार हुए शामिल

## दबोह में श्रमजीवी पत्रकार संघ का अभियान, पत्रकारों में दिखा उत्साह

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 23 दिसम्बर।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के आह्वान पर भिंड जिला इकाई द्वारा संगठन विस्तार को लेकर विशेष सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में लहार ब्लॉक के दबोह नगर में सदस्यता



अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रदेश सचिव एवं भिंड जिला प्रभारी राकेश शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में उमरी, रौन, मिहोना, लहार, दबोह एवं आलमपुर क्षेत्र के चार दर्जन से अधिक पत्रकार शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान दबोह क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक पत्रकारों ने श्रमजीवी पत्रकार संघ की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राकेश शर्मा ने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि पत्रकारों के अधिकारों, सम्मान और सुरक्षा के लिए एक मजबूत ढाल है। कार्यक्रम में महेश मिश्रा (कार्यकारी सदस्य), विक्रम सिंह जादौन (संभागीय उपाध्यक्ष), भानु श्रीवास्तव (वरिष्ठ पत्रकार एवं जिला कार्यकारी अध्यक्ष), असगर खान (जिला महासचिव) सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 को लेकर बैठक आयोजित

**भिंड।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय भिण्ड में किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी भिण्ड, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं सचिव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन, दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुसार किया जाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने राजनैतिक दलों से भी अपील की कि वे सक्रिय सहभागिता करते हुए मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने में सहयोग करें।

# नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 23 दिसम्बर।** शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गोद ग्राम कन्हरी में जन-जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रेरित करना था।

कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. डबरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. गिरिजा नरवरिया के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने रैली के माध्यम से 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो', 'नशा मुक्त गांव—स्वस्थ गांव' जैसे प्रेरक नारों से पूरे ग्राम में जन-जागरूकता का संदेश दिया। रैली के उपरांत प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक में नशे से होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी



दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया, जिसे ग्रामीणों ने सराहा। इस अवसर पर प्रो. अंबुजा गुप्ता, डॉ. रेखा सुमन, श्री शिव प्रकाश नरवरिया एवं प्रो. दुर्गेश गुप्ता का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ भी दिलाई गई।

### हिरण्य गर्भा कार्यक्रम से गौशालाएं बनेंगी स्वावलंब

**भिंड।** प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मध्य प्रदेश शासन के चिन्हित कार्यक्रम हिरण्य गर्भा कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में ठोस पहल शुरू कर दी गई है। इस कार्यक्रम के माध्यम से गौशालाओं में दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में संचालित सभी गौशालाओं में 100 प्रतिशत निकृष्ट सांडों का बधियाकरण, साथ ही मादा गायों में कृत्रिम गर्भाधान द्वारा नस्ल सुधार किया जाएगा। इससे गौशालाओं में दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा, जो स्वावलंबन की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम होगा।

# दो वर्षों में मध्यप्रदेश बना देश का 'ग्रोथ इंजन' : डॉ . अभय प्रताप सिंह यादव

## फूप में अटेर विधानसभा स्तरीय सम्मेलन, अटल जी के विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 23 दिसम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के संगठनात्मक कार्यक्रमों के निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत अटल स्मृति कार्यक्रम तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास, सेवा और सुशासन सम्मेलन का आयोजन अटेर विधानसभा के फूप में किया गयाद्यसम्मेलन में चंबल संभाग प्रभारी डॉ. अभय प्रताप सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने, 25 दिसंबर को अटल जी की जन्म शताब्दी तथा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के



आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की। मुख्य अतिथि डॉ. अभय प्रताप सिंह यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेई का नाम स्वयं में दृढ़ संकल्प, अटूट निष्ठा और महान विचारधारा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हम सभी यहां ऐसे महापुरुष को स्मरण करने एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने राष्ट्र सेवा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। डॉ. यादव ने कहा कि पिछले दो वर्षों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने प्रगति, पारदर्शिता और प्रदर्शन का नया मॉडल स्थापित किया है। उन्होंने विकसित भारत-2047 के विजन के अनुरूप प्रदेश के लिए तैयार किए गए 8 प्रमुख थीम आधारित दृष्टि पत्र पर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि निवेश, उद्योग और रोजगार को नई गति मिलने से मध्यप्रदेश देश का 'ग्रोथ इंजन' बनकर उभर रहा है। वीर बाल दिवस पर प्रकाश डालते हुए डॉ. यादव ने कहा कि यह दिवस गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को समर्पित है। यह दिन युवाओं को साहस, राष्ट्रभक्ति और मूल्यों के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने आह्वान किया कि युवा राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई को देश का बच्चा-बच्चा जानता है और उनका ग्वालियर-भिण्ड से पारिवारिक संबंध हम सभी के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' का नारा आज भी सर्व समाज को आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ रहा है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान के द्वितीय चरण को लेकर कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक नाम जोड़कर अपने मतदान केंद्रों को मजबूत करें। पूर्व जिला अध्यक्ष रविचंद्र जैन ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्रों पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

### कार्यक्रम संचालन एवं उपस्थिति

कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन जैन ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सुभाष मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदौरिया 'टीपू' द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजीव काकर, डॉ. रमेश दुबे, शैलेंद्र सिंह कुशवाह, श्रीमती कृष्णाकांता तोमर, जिला अध्यक्ष रविसेन जैन, राजेंद्र शर्मा राजे, देवेंद्र सिंह भदौरिया, उपेंद्र राजौरिया, शैलेंद्र पालीवाल, संतोष सिंह तोमर, मोनू भदौरिया, योगेंद्र शर्मा, रायसिंह नरवरिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।